**भारत सरकार**
**खान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2327**
**दिनांक 15.03.2023 को उत्तर देने के लिए**

**जीएसआई द्वारा जम्मू और कश्मीर में लिथियम के भंडार की खोज**

**†2327. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री प्रतापराव जाधव:**
**श्रीमती माला राव:**
**श्री बिद्‌युत बरन महतो:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) को संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के सलाल हैमाना क्षेत्र में भारी मात्रा में लिथियम के भंडार मिले हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) जीएसआई द्वारा इस संघ राज्य क्षेत्र में पाए गए लिथियम का अनुमानित मूल्य कितना है;

(ग) क्या सरकार ने इस क्षेत्र में लिथियम के वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में कितनी प्रगति हुई है;

(घ) क्या सरकार का स्वदेशी स्रोतों से देश में लिथियम के संसाधनों और आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने देश में लिथियम खानों का पता लगाने के लिए कोई नीति निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है; और

(च) आयात पर निर्भरता को कम करने के मद्देनज़र नए स्थलों पर लिथियम खानों का पता लगाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

(क) : जी, हां। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), खान मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय ने कार्य सत्र 2020-21 और 2021-22 के दौरान रियासी जिले, जम्मू और कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्रों में जी3 चरण खनिज गवेषण परियोजना को किया और 5.9 मिलियन टन लिथियम अयस्क के अनुमानित संसाधन (जी3) का आकलन किया और रिपोर्ट संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर सरकार को सौंप दी गई है।

(ख) : जीएसआई का जम्मू और कश्मीर में लिथियम संसाधनों की पहचान करने के लिए और गवेषण गतिविधियों को करने का प्रस्ताव है। जम्मू और कश्मीर में लिथियम के अनुमानित मूल्य का अनुमान अगले गवेषण के पूरा होने पर लगाया जाएगा।

(ग) : जी हां।

i. जीएसआई भूवैज्ञानिक, भू-रासायनिक, भूभौतिकीय जैसे मानचित्रण के माध्यम से आधारभूत भूविज्ञान डाटा तैयार करता है जो व्यवसथित खनिज गवेषण के लिए संभावित क्षेत्र की पहचान करने के लिए आधार है। मानचित्रण आंकड़ों के आधार पर, जीएसआई लिथियम सहित विभिन्न प्रमुख खनिज वस्तुओं के लिए व्यवस्थित खनिज गवेषण गतिविधियों को करता है।

ii. जम्मू और कश्मीर के हिस्से में, रियासी जिले के सलाल-हैमाना क्षेत्रों में लिथियम गवेषण के अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, जीएसआई ने वर्तमान कार्य सत्र 2022-23 के दौरान रियासी जिले के पनासा-दुग्गा-बलधानुन-चाकर-संगरमार्ग (सरो-दा-बस) क्षेत्र में लिथियम और संबंधित खनिज पर एक और जी4 स्तरीय टोही गवेषण कार्यक्रम आरंभ किया है और कार्य प्रगति पर है।

iii. मानचित्रण के परिणाम के आधार पर भविष्य में जम्मू और कश्मीर सहित देश के विभिन्न भागों में लिथियम सहित विभिन्न खनिज वस्तुओं पर और अधिक गवेषण कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा।

(घ) से (च) : भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कन्सल्टैन्सी लिमिटेड (एमईसीएल) ने लिथियम की कई गवेषण परियोजनाएं शुरू की हैं और भविष्य में और परियोजनाएं आरंभ करेगा। खान मंत्रालय राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (एनएमईटी) से राज्य सरकारों और निजी गवेषण एजेंसियों को 100% वित्त पोषण करता है, यदि वे लिथियम गवेषण परियोजनाएं करेंगे। जीएसआई द्वारा पिछले 5 वर्षों में किए गए लिथियम की गवेषण परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध- । में दिया गया है।

*****

**अनुबंध - I**

**पिछले 5 वर्षों और चालू वर्ष 2022-23 के दौरान जीएसआई द्वारा खनिज गवेषण का ब्यौरा**

| क्र.स. | कार्य सत्र वर्ष | राज्य | जिला | खनिज ब्लॉक/क्षेत्र/ बेल्ट का नाम | यूएनएफसी चरण | खनिज वस्तु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **2017-18** | राजस्थान | टोंक और सवाई माधोपुर जिला | सोहेला-करोला-सिरस-बस्सी-पराना | जी4 | टंगस्टन और लिथियम |
| **2.** | | राजस्थान | अजमेर, पाली और नागौर जिले | कोटरिया- पिपलिया-गुरहा | जी4 | टंगस्टन और लिथियम |
| **3.** | **2018-19** | छत्तीसगढ़ | कोरबा | कटघोरा-गढ़तारा | जी4 | लिथियम, आरएम |
| **4.** | | बिहार | नवादा | पिछली-मेघतरी | जी4 | लिथियम, आरईई और आरएम |
| **5.** | | मेघालय | पूर्वी खासी हिल्स | उमलिंगपुंग | जी4 | लिथियम, आरईई और आरएम |
| **6.** | **2019-20** | हिमाचल प्रदेश | किन्नौर | नाको | जी4 | टिन, टंगस्टन, लिथियम, मोलिब्डेनम, आरएम और आरईई |
| **7.** | | राजस्थान | सिरोही | शिबागांव | जी3 | लिथियम और दुर्लभ धातुएँ |
| **8.** | **2019-20 & 20-21** | राजस्थान | नागौर | रेवात पहाड़ी | जी2 | टंगस्टन, लिथियम |
| **9.** | | | | | | |
| **10.** | | मध्य प्रदेश | बेतुल | केशमार-मेंडाखेड़ा | जी4 | स्कैंडियम, लिथियम |
| **11.** | | बिहार | जमुई | हरनी-कलवाडीह - चरकपथल | जी4 | लिथियम, आरईई, आरएम |
| **12.** | **2020-21** | झारखंड | कोडरमा | धोराकोला- कुशहना | जी4 | लिथियम और सीज़ियम |
| **13.** | | बिहार | जमुई | परमानिया-तेतरिया | जी4 | लिथियम, आरईई, आरएम |
| **14.** | | जम्मू और कश्मीर | रियासी | सलाल-हैमाना | जी3 | बॉक्साइट, आरईई और लिथियम |
| **15.** | | छत्तीसगढ | कोरबा | तरमा पहाड़ और कोंकोणा | जी4 | लिथियम, आरएम |
| **16.** | | अरुणाचल प्रदेश | पश्चिम कामेंग | नफरा | जी4 | लिथियम, टिन और टंगस्टन |
| **17.** | | जम्मू और कश्मीर | रियासी | सेरसंडू-खेरीकोट-रहोटकोट-दरबी | जी4 | बेस मेटल, बॉक्साइट, आरईई और लिथियम |
| **18.** | **2021-22** | आंध्र प्रदेश | अनंतपुर और कडप्पा | पर्नापल्ले-लोपातनुतुला | जी4 | लिथियम |
| **19.** | | झारखंड | गिरिडीह | गवान | जी4 | लिथियम, सीएस, आरईई और आरएम |
| **20.** | | झारखंड | कोडरमा | पिहरा | जी4 | लिथियम, सीएस, आरईई और आरएम |
| **21.** | **2021-22 & 2022-23** | राजस्थान | नागौर | मोहनगढ़ | जी3 | टंगस्टन, लिथियम |
| **22.** | | | | | | |
| **23.** | | छत्तीसगढ | रायगढ़ और जशपुर | टमटा, रघुनाथपुर और सुरेशपुर | जी4 | लिथियम |
| **24.** | | छत्तीसगढ | कोरबा | कटछोड़ा-रामपुर | जी3 | लिथियम |
| **25.** | | झारखंड | कोडेरा | तिलैया | जी4 | लिथियम, सीज़ियम, आरईई, आरएम |
| **26.** | | अरुणाचल प्रदेश | तिरप | पुल्लुंग, पानिदुरिया, बोरदुरिया और कैमोई | जी4 | लिथियम |
| **27.** | | नागालैंड | फेक | हुत्सु, सतुजा और फोर | जी4 | लिथियम |
| **28.** | | मेघालय | री-भोई | अमजोंग, उमट्राई और | जी4 | आरईई, लिथियम |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2022-23 | | | उमलाबेर | | |
| **29.** | | मेघालय | ईस्ट गारो हिल्स | विलियमनगर-नेंगखरा | जी4 | लिथियम |
| **30.** | | मेघालय | ईस्ट खासी हिल्स | माइलीम और लैलिनख्रिर | जी4 | पॉलीमेटैलिक-मोलिब्डेनम, टंगस्टन, आरईई, लिथियम और संबंधित खनिज |
| **31.** | | मेघालय | ईस्ट गारो हिल्स | मंगसांग-नियांगब्राकिथिम | जी4 | सिलिमेनाइट, लिथियम |
| **32.** | | जम्मू और कश्मीर | रियासी | पनासा-दुग्गा-बलधानून-चकर-संगरमार्ग (सरो-दा-बास) | जी4 | बॉक्साइट, आरईई, लिथियम |
| **33.** | | लद्दाख | लेह | सोकर, पैंगोंग, सोमोरारी, क्यागर और क्यून से | जी4 | लिथियम |
| **34.** | | राजस्थान | उदयपुर | खुना-मेरपुर-पंडीबोर | जी4 | टेल्यूरियम, लिथियम, सोना |
| **35.** | | राजस्थान | सिरोही | उत्तर - बलदा | जी4 | टंगस्टन, लिथियम |
| **36.** | | राजस्थान | नागौर | पिपलिया | जी3 | टंगस्टन, लिथियम |
| **37.** | | गुजरात | बनासकंठा और साबरकांठा | जोधसर-उंचीधनाल | जी4 | आरएम, लिथियम, सीज़ियम |
| **38.** | | गुजरात | बनासकांठा और साबरकांठा | पथोरा-दिगथली | जी4 | आरएम, लिथियम, सीज़ियम |
| **39.** | | राजस्थान | नागौर | रेवत पहाड़ी का उत्तर-पश्चिमी विस्तार | जी2 | टंगस्टन, लिथियम |
| **40.** | | राजस्थान | नागौर | रेवत पहाड़ी का दक्षिण-पूर्वी विस्तार | जी2 | टंगस्टन, लिथियम |